दिन— शुक्रवार दिनांक— 17 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन। बड़ी संख्या में प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की उम्मीद।

02. महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर असहमति के बीच कांग्रेस ने अपने अड़तालीस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा — चुनाव के बाद एनडीए विधायक दल मुख्यमंत्री का चयन करेंगा।

04. और, विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में आई तेजी। गृह मंत्री अमित शाह आज सारण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जगदीशपुर में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। इस चरण के तहत अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बीस अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। मतदान छह नवंबर को होगा। आज पहले चरण के लिए नामांकन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। आज कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी कई निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन पर्चा भरेंगे। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी दरभंगा जिले के गौड़ाबौराम से आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे। पहले चरण में भाजपा और जनता दल यूनाइटेड के ज्यादातर प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भोजपुर जिले के जगदीशपुर से पार्टी उम्मीदवार भगवान सिंह कुशवाहा के नामांकन में शामिल होंगे। श्री कुमार इसके बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

———————————————————

महागठबंधन की ओर से घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा नहीं होने के बीच कांग्रेस ने अपने अड़तालीस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें मौजूदा ग्यारह विधायकों को दोबारा टिकट दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कुटुंबा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पटना जिले के कुम्हरार से इंद्रदीप चन्द्रवंशी और पटना साहिब से शशांत शेखर को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा बगहा से जयेश मंगल सिंह, रक्सौल से श्याम बिहारी प्रसाद, फारबिसगंज से मनोज विश्वास, कुचायकोट से हरि नारायण कुशवाहा, खगड़िया से चंदन यादव,

हरनौत से अरूण कुमार बिंद और वजीरगंज से अवधेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इधर, सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं होने के बीच महागठबंधन के घटक दल अपने–अपने उम्मीदवारों को सिम्बल बांट रहे हैं। इसी आधार पर प्रत्याशी अपना नामांकन भी कर रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर अच्छा काम चल रहा है। एनडीए को हम पर सवाल उठाने के बजाय अपनी स्थिति को देखना चाहिए।

———बाईट———

काम बहुत अच्छी तरह चल रहा है। सिम्बल बांटे जा रहे हैं और जिन–जिन को नॉमिनेशन भरने हैं वह भर भी रहे हैं। प्रक्रिया चालू हो चुकी है। वह क्यूं सवाल उठा रहे हैं। उन्हें क्या दिक्कत है, वह अपने घर को देखें, हमारे यहां ताक–झांक क्यूं कर रहे हैं। सिंबल बंट रहे हैं बहुत जल्दी सारी स्थिति आपके सामने होगी। महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

———————————————————————————

भाजपा नेता संजय मयूख ने कहा है कि महागठबंधन में असहमति और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गठबंधन लठबंधन में बदल चुका है।

———बाईट———

———————————————————————————

एनडीए के सभी घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सभी दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने अपने सभी उनतीस उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने सिमरी बख्तियापुर से संजय कुमार सिंह, नाथनगर से मिथुन कुमार, बलरामपुर से संगीता देवी, पालीगंज से सुनील कुमार और मढ़ौरा से सीमा सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि जदयू ने चौवालीस उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसमें पार्टी ने कई उम्मीदवारों को फिर से टिकट दिया है। दूसरी सूची में उन्नीस वर्तमान विधायकों को फिर से मौका दिया गया है जबकि चार मंत्रियों सुमित कुमार सिंह, शीला मंडल, लेशी सिंह और जयंत राज पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने भी अपने कोटे की सभी छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सीतामढ़ी के बाजपट्टी से पूर्व विधान पार्षद राजेश्वर कुमार महतो और मुजफ्फरपुर के पारू विधानसभा क्षेत्र से मदन चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि पार्टी ने सासाराम से श्री कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, दिनारा से आलोक कुमार सिंह, उजियारपुर से प्रशांत पंकज और मधुबनी से माधव आनंद को उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने पहले चरण के विधानसभा चुनावों के लिए पच्चीस उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद महताब आलम ने बताया कि अलौली से यश राज पासवान, खगड़िया से पूनम यादव, बैलदौर से सुनीता शर्मा, साहिबपुर कमाल से संजय कुमार यादव, बक्सर से धर्मेन्द्र राम को उम्मीदवार बनाया गया है।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव में तीन राजनीतिक दलों ने मिलकर तीसरे मोर्चे का गठन किया है। इस मोर्चे में असद्दुदीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम, चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व वाली अपनी जनता पार्टी शामिल हैं। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने बताया कि इस मोर्चे को ग्रैंड डेमोक्रेटिक एलायंस का नाम दिया गया है। चुनाव में यह मोर्चा चौंसठ सीटों पर अपने उम्मीदवार देगा। इसमें एआईएमआईएम के पैंतीस, आजाद समाज पार्टी के पच्चीस और अपनी जनता पार्टी के चार उम्मीदवार होंगे। इस बीच, पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने भी इसी मोर्चे के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी समान विचारधारा के दलों के साथ गठबंधन कर अपने प्रत्याशी देगी।

———————————————————

लोजपा, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने असरफ अंसारी को पार्टी का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा है कि एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ रहा है। उन्होंनें कहा कि चुनाव के बाद विधायक दल मुख्यमंत्री का चयन करेंगा। पटना में संवाददताओं से बातचीत में श्री शाह ने कहा कि प्रदेश भाजपा सत्ता संभालने में पूरी तरह सक्षम है। इस बीच, कल पटना प्रवास के पहले दिन श्री शाह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत की और चुनावी रणनीति पर मंथन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्षी दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों पर विमर्श किया गया।

———बाईट———

श्री शाह आज सारण जिले में दो जन सभाओं को संबोधित करेंगे। वे पटना में विधानसभा चुनाव को लेकर बुद्धिजीवी सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

———————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में तेजी आ गई है। भाजपा और राजद ने अपने–अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह का भी नाम शामिल है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के स्टार प्रचारकों की सूची में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

——————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण समय आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रत्येक दल को पैंतालीस–पैंतालीस मिनट के निर्धारित समय के साथ मुफ्त प्रसारण की सुविधा प्रदान की गई है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर के दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर मुफ्त प्रसारण और प्रसारण समय के लिए डिजिटल वाउचर आवंटित किए हैं। इसके अंतर्गत, प्रत्येक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों पर पैंतालीस मिनट के निर्धारित समय के साथ मुफ्त प्रसारण की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने कहा कि बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में उनके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर राजनीतिक दलों को अतिरिक्त समय आवंटित किया गया है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को दिशानिर्देशों के अनुसार अग्रिम रूप से आलेख और रिकॉर्डिंग जमा करनी होगी। प्रसार भारती बिहार के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी पर दो पैनल चर्चा और बहस का आयोजन करेगा। समाचार कक्ष से पीयूष कुमार।

——————————————————————

राजधानी पटना में जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक राजनीतिक दल के दो गुटों के बीच हुई झडप के बाद हवाईअड्डे की सुरक्षा बढा दी गई है। जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम और एसएसपी कार्तीकेय शर्मा ने कल एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने हवाइअड्डे के कॉरिडोर में वाहनों के आने पर रोक लगा दी है। अब वाहन पार्किंग में ही रूक सकेंगे।

——————————————————————

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अरवल जिले के सदर थाना क्षेत्र में भाकपा–माले के प्रत्याशी और विधायक महानंद सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सदर थानाध्यक्ष के अनुसार अंचलाधिकारी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

——————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह के खिलाफ प्रशासनिक लापरवाही और कुलाधिपति सचिवालय के आदेशों की अवहेलना के मामले में कार्रवाई की है। इस क्रम में प्रोफेसर सिंह को

तत्काल प्रभाव से अनिवार्य अवकाश पर भेजते हुए उनके खिलाफ एक सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जांच पूरी होने तक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एएन कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर नमिता सिंह को पटना विश्वविद्यालय का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया है।

————————————————————

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक उन्नीस करोड़ पांच लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की गयी है। निवार्चन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस करोड़ पैंतीस लाख रूपये से अधिक मूल्य के ड्रग्स और नशीले पदार्थ बरामद किये गये हैं। इसके अलावा दो करोड़ अड़तीस लाख रुपये नकद किये गये हैं। अब तक पैतालीस करोड़ बीस लाख से अधिक की कुल जब्ती की गयी है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर संशय की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है— महागठबंधन में नहीं सुलझ सकी सीटों की गुत्थी, वीआईपी नाराज।

दैनिक जागरण ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है— एनडीए विधानमंडल दल तय करेगा कौन होगा मुख्यमंत्री।

दैनिक भास्कर ने एनडीए के सीट बंटवारे पर लिखा है— भाजपा और जदयू ने चिराग को छब्बीस हारी हुई और तीन जीती हुई सीटें दी।

प्रभात खबर की सुर्खी है— एक सौ सत्रह बीसी—इबीसी, चौरासी सवर्ण, पांच मुस्लिम और पैंतीस महिलाओं के साथ एनडीए चुनाव मैदान में।

राष्ट्रीय सहारा ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लिखा है— चुनाव आयोग से एसआईआर में गलतियों को सुधारने की है अपेक्षा।

आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है— बिहार बनेगा देश का अव्वल राज्य।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन। बड़ी संख्या में प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की उम्मीद।

02. महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर असहमति के बीच कांग्रेस ने अपने अड़तालीस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा – चुनाव के बाद एनडीए विधायक दल मुख्यमंत्री का चयन करेंगा।

04. और, विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में आई तेजी। गृह मंत्री अमित शाह आज सारण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जगदीशपुर में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।